**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**17.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न– 69 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट।
- नगर परिषद व नगर पंचायतों के लिए मतगणना जारी– नगर निगम चुनावों के परिणाम 31 मई को होंगे घोषित।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के साढ़े 3 वर्ष के कार्यकाल को बताया निराशाजनक।
- राष्ट्रपति 25 मई को प्रदान करेंगी वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार– एक सौ 31 विभूतियां होंगी सम्मानित।
- भाजपा का आरोप– महंगाई रोकने में विफल रही प्रदेश कांग्रेस सरकार।

**मतदान**

प्रदेश के 51 शहरी निकायों में मतदान आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान नगर निगम धर्मशाला, पालमपुर, सोलन और मण्डी सहित 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों में वोट डाले गए। इन चुनावों के लिए 69 फीसदी से अधिक मतदान दर्ज किया गया। हमीरपुर ज़िले में सबसे अधिक 78 प्रतिशत जबकि सोलन ज़िला में सबसे कम 64 प्रतिशत मतदान हुआ। नगर परिषद और नगर पंचायतों के लिए डाले गए मतों की गिनती जारी है और देर रात तक सभी नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। इसके अलावा नगर निगमों के चुनाव नतीजे 31 मई को घोषित किए जाएंगे। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में हैं।

**मतदान आंकड़े**

प्रदेश में हुए नगर निगम चुनाव में मण्डी और पालमपुर में सबसे अधिक करीब 69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसी तरह धर्मशाला में करीब 60 प्रतिशत जबकि सोलन में 58 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ऊना ज़िले के 6 शहरी निकायों में करीब 78 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बिलासपुर ज़िले में करीब 73 फीसदी, शिमला ज़िले में 77 दशमलव तीन छः प्रतिशत, जबकि सिरमौर ज़िले में कुल 67 दशमलव दो चार फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। चम्बा ज़िले में 68 फीसदी से अधिक, कांगड़ा ज़िले में 74 फीसदी से अधिक, कुल्लू में करीब 68 प्रतिशत और मण्डी ज़िले में 73 फीसदी से अधिक वोट डाले गए।

**मतदाता–उत्साह**

प्रदेश में शहरी निकायों में मतदान को लेकर इस बार बुजुर्ग मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला है। कई स्थानों पर सौ वर्ष की आयु के बुजुर्ग भी मतदान के लिए पोलिंग स्टेशन पहुंचे। शिमला ज़िले की चिड़गांव नगर पंचायत में सौ वर्ष से अधिक उम्र की कौल दासी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ठियोग वार्ड में भी एक सौ 2 वर्षीय विमला देवी सूद ने मतदान किया। पिछली बार शहरी निकाय चुनावों में प्रदेश में करीब 73 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था। पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं में भी मतदान के प्रति उत्साह देखा गया।

**नाहन–मतदान**

सिरमौर ज़िले में भी नगर परिषद नाहन, पांवटा साहिब और नगर पंचायत राजगढ़ का मतदान शांतिपूर्ण रहा। नाहन से कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने इन चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को भारी जनसमर्थन मिला है।

## निलंबन

शिमला ज़िले में रोहड़ू की दलगांव पंचायत में चुनाव चिन्हों के आबंटन में नियमों की अनदेखी पर ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सहायक निर्वाचन अधिकारी रजनीश चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस मामले में जांच के दौरान पाया गया कि चुनाव चिन्हों का आबंटन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार नहीं किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पंचायत चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बयान

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने सभी गारंटियों को पूरा कर दिया है। एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वो करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पुरानी पैंशन योजना, युवाओं के स्वरोज़गार के लिए राजीव गांधी स्टार्टअप योजना, किसानों के कल्याण के लिए किसान आयोग के गठन सहित हर वर्ग के लिए कार्य किए हैं। दोनों नेताओं ने कहा कि सरकारी क्षेत्र में ही पिछले 3 वर्षों में 23 हज़ार से अधिक युवाओं को नौकरी दी गई है और हज़ारों पद भरने की प्रक्रिया जारी है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज मण्डी ज़िले में सराज विधानसभा क्षेत्र के गाड़ा गुसैनी और बगड़ाथाच में पार्टी समर्थित ज़िला परिषद सदस्य के पक्ष में प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि सराज विधानसभा क्षेत्र के सभी ज़िला परिषद वार्डों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत होगी। कांग्रेस सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का साढ़े 3 वर्ष का कार्यकाल निराशाजनक रहा है और इस अवधि में केवल संस्थानों को बंद करने का काम किया गया है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महासचिव डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से आर्थिक राष्ट्रवाद और विवेकपूर्ण उपभोग के आह्वान ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक नई चेतना जागृत की है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सोने के सीमित उपयोग और ईंधन संरक्षण से देश का विदेशी मुद्रा भण्डार मज़बूत होगा और आत्मनिर्भर भारत को अभूतपूर्व गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ये दूरदर्शी कदम वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

## पद्म पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 25 मई को वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले नागरिक अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष भारत सरकार ने कुल एक सौ 31 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है। इनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और एक सौ 13 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जबकि 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मान दिया जाएगा। ये पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान व इंजीनियरिंग, जनसेवा सहित व्यापार और उद्योग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा ने कहा है कि राज्य में महंगाई बेलगाम हो चुकी है लेकिन सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी हुई है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि राज्य में सीमेंट के दाम हर महीने बढ़ रहे हैं लेकिन कांग्रेस सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की कमज़ोरी और निष्क्रियता के कारण आज सीमेंट कंपनियां मनमानी कर रही हैं जिससे गरीब, मध्यम वर्ग, किसान और आपदा प्रभावितों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 31 मई को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 34वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। ये सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से भी दिए जा सकते हैं। आप एक नौ दो दो पर मिस्ड कॉल देकर और एस.एम.एस. से प्राप्त लिंक से भी सीधे प्रधानमंत्री को सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

**सी.बी.एस.ई.**

शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सी.बी.एस.ई. संबद्ध एक सौ 56 नए विद्यालयों में कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकाय शुरू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में शिक्षा विभाग से मांगी गई रिपोर्ट में सामने आया था कि एक सौ 56 विद्यालयों में से 18 विद्यालयों में तीनों संकाय उपलब्ध नहीं हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को इन सी.बी.एस.ई. स्कूलों में आवश्यक शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

**भर्ती**

थल सेना अग्निवीर भर्ती 2025–26 के तहत आयोजित अग्निवीर क्लर्क और स्टोर कीपर की भर्ती का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया गया है। ये भर्ती परीक्षा हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना ज़िले के युवाओं के लिए आयोजित की गई थी। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल श्रीधर राजन ने बताया कि उम्मीदवार ये परिणाम सेना की वैबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एन.आई.सी. डॉट इन पर देख सकते हैं।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रदेश के 51 शहरी निकायों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न– 69 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट।
- नगर परिषद व नगर पंचायतों के लिए मतगणना जारी– नगर निगम चुनावों के परिणाम 31 मई को होंगे घोषित।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के साढ़े 3 वर्ष के कार्यकाल को बताया निराशाजनक।
- राष्ट्रपति 25 मई को प्रदान करेंगी वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कार– एक सौ 31 विभूतियां होंगी सम्मानित।
- भाजपा का आरोप– महंगाई रोकने में विफल रही प्रदेश कांग्रेस सरकार।